श्रीमन्त सरकार ग्वालियर महाराज द्वारा स्वीकृत

शासन-शब्द-संग्रह

(शासन-कार्य तथा राजनियमों में प्रयुक्त
होनेवाले शब्दों का संग्रह)

तीन भाग

सम्पादक,
राजराजेन्द्र कर्नल
मालोजीराव नृसिंहराव शितोले.

संग्रहकर्ता,
हरिहर निवास द्विवेदी,
एम. ए., एल-एल. बी.

प्रकाशक,
विद्यामंदिर-प्रकाशन,
मुरार,
(ग्वालियर-राज्य).

प्रथम संस्करण
संवत् २००० वि०
मूल्य ३)

मुद्रक,
अ. सं. शिर्के,
आलीजाह दरबार प्रेस, ग्वालियर.

प्रजावत्सल, उदारमना, जनवाणी-संरक्षक

श्रीमन्त सरकार महाराजाधिराज

मेजर सर जीवाजीराव शिन्दे

आलीजाह बहादुर

के

कर कमलों में

अत्यन्त विनम्रता से

सादर समर्पित

संशोधक-मंडल

जस्टिस श्री० जगमोहनलाल श्रीवास्तव,

श्री० युधिष्ठिर भार्गव, एम. एस-सी.,

श्री० मथुरांशंकर मेहता, बी. ए., एल-एल. बी.

श्री० सूर्यनारायण व्यास, ज्योतिषाचार्य

श्री० भगवानदास गुप्त, सीनियर एडवोकेट

श्री० शिवदयाल श्रीवास्तव, एडवोकेट
बी. एस-सी., एल-एल. बी.

ग्रन्थ तैयार कराया। इसमें उन सब फारसी-अरबी शब्दों के संस्कृत रूप दिए गए थे जो शासन व्यवस्था में काम में आते थे। प्राचीन प्रथा के अनुसार यह ग्रन्थ छन्दबद्ध है। तंजौर के शाहजी राजा ने अनेक कोष-ग्रन्थ स्वयं लिखे तथा दूसरों से लिखवाए। उन्होंने स्वयं 'शब्द-रत्न-समन्वय' और 'शब्दार्थ संग्रह' दो कोष लिखे और अपनी राज-सभा के वेंकटेश्वर, नल्ला शास्त्री तथा श्रीधर नामक तीन पंडितों द्वारा 'पदमणिमंजरी' नामक कोष-ग्रन्थ लिखवाया। वेंकटेश्वर पंडित ने शाहजी राजा के संरक्षण में 'उणादिनिबंटु' नामक प्रसिद्ध कोष-ग्रन्थ अलग लिखा।

परन्तु आगे चलकर महाराष्ट्र के सूत्रधारक ऐसी परिस्थितियों में फँस गए कि उन्हें इस भाषा-संस्कार का न तो अवसर ही मिल सका और न वह उत्कट इच्छा ही रही। छत्रपति शिवाजी जैसी भावना तथा प्रखर प्रतिभा भी फिर कम ही देखने में आई।

इधर कर्मचारी-वर्ग का हाल और भी बुरा हो चला था। वे सप्रयास ऐसी भाषा लिखा करते थे जिसमें अरबी और फारसी के अप्रयुक्त और भारीभरकम शब्दों की भरमार होती थी। बात शब्दों तक ही सीमित नहीं रही, वरन् व्याकरण भी इन्हीं भाषाओं का प्रयोग किया जाने लगा। इस बात का ध्यान रखना उनके लिए व्यर्थ था कि उनके शासक अथवा प्रजाजन उनकी भाषा समझते भी हैं या नहीं।

इस विषमता की ओर विभिन्न देशी राज्यों में तथा ब्रिटिश भारत के शासन में अधिकारियों का ध्यान गया। ग्वालियर में स्वर्गीय श्रीमन्त जयाजीराव महाराज के समय में इसकी ओर ध्यान दिया गया। कर्मचारी-वर्ग की इस हठवादिता को कम करने का प्रयत्न प्रारम्भ हुआ, और २७ नवम्बर सन् १८५२ ई० में राज्य के मुन्सरिम दीवान शेख गुलाम हुसैन साहब को

यह आज्ञा निकालनी पड़ी कि 'फारसी' के शब्द न लिखे जाय, और यदि लिखे गए तो आगे ऐसे प्रयोगों के लिए दण्ड नियत किया जायगा। यह प्रयत्न चलता रहा और २६ नवम्बर सन् १८८७ ई० में हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि को स्थान देने की आज्ञा प्रचलित की गई। उस समय भी स्थिति-पालक कर्मचारी-वर्ग ने इस प्रयत्न को सफल नहीं होने दिया। कौन्सिल ऑफ रीजेन्सी ने इस ओर ध्यान न दिया और यहाँ तक कि देवनागरी लिपि को फारसी लिपि की अपेक्षा पढ़ने में कठिन बतलाकर देवनागरी के स्थान पर पुनः फारसी लिपि को प्रचलित करा दिया।

स्वर्गीय श्रीमन्त माधवराव महाराज ने शासन में जहाँ अनेक कल्याणकारी और शुभ परिवर्तन किये वहाँ देवनागरी लिपि और हिन्दी भाषा के इस उपेक्षित विषय को पुनः उठाया। स्वर्गीय महाराजा जिस कार्य को करना चाहते थे उसे कराने की इच्छाशक्ति भी उनके पास थी और उसकी युक्तिपूर्ण रीति भी वे निकाल लेते थे। उन्होंने यह स्पष्ट आज्ञा निकाल दी कि संवत् १९६० वि० के प्रारम्भ से ही प्रत्येक शासकीय विभाग में हिन्दी का प्रयोग करना आवश्यक होगा। दो वर्ष पूर्व ही इस आज्ञा का प्रचार प्रारम्भ किया गया और सबको हिन्दी सीख लेने का प्रयत्न करने को प्रेरित किया गया। वह उठाव कुछ ऐसा दृढ़ था कि संवत् १९६० (सन् १९०३ ई०) के प्रारम्भ होते ही देवनागरी लिपि को उसका उपयुक्त और उचित स्थान मिल गया। आधी शताब्दी के सतत प्रयत्न के पश्चात् देवनागरी लिपि निर्विवाद रूप से शासन में प्रतिष्ठा पा सकी।

इस सम्बन्ध में यह लिख देना भी उपयुक्त होगा कि इस विषय में संवत् १९५२ में काशी नागरी प्रचारिणी सभा ने

सर ऐण्टनी (लॉर्ड मैकडॉनल) को नागरी अक्षरों के ब्रिटिश न्यायालयों में उपयोग के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। संवत् १९५५ में लाट साहब से इस विषय में प्रसिद्ध डेपूटेशन मिला था और संवत् १९५७ में कचहरियों में नागरी अक्षरों के प्रवेश की घोषणा हुई थी। संवत् १९५८ में ग्वालियर में नागरी लिपि के प्रयोग सम्बन्धी घोषणा जारी की गई थी।

इतने लम्बे प्रयत्न के पश्चात् भी भाषा के रूप में विशेष भेद न हो सका। फारसी शब्दावली और फारसी व्याकरण लेखक के फारसी-ज्ञान के अनुसार शासकीय भाषा को सर्वसाधारण की भाषा से कम या अधिक दूर किये ही रहे। अधिक प्रवृत्ति कठिनता की ओर ही रही। कभी कभी बड़े विचित्र शब्दों की रचना भी होती रही। 'संस्थान' शब्द का बहुवचन किया गया 'संस्थानहाय'। किसी कम फारसी पढ़े लिखे व्यक्ति के हाथों में पड़कर वह शब्द बन गया 'संस्थान निहाय', और आज भी वह ज्यों का त्यों प्रचलित है।

भाषा को सरल, सुबोध और जनसाधारण के लिए सुगम बनाने का श्रेय हमारे प्रजावत्सल श्रीमन्त जीवाजीराव महाराज को मिला है। आज भी इसका विरोध अधिकतर इसी स्थिति-पालक कर्मचारी-वर्ग की ओर से ही है। परन्तु श्रीमन्त को इस शुभ कार्य में पूर्ण यश प्राप्त होगा इसमें सन्देह नहीं।

आजकल प्रत्येक बात को संप्रदाय और धर्म से सम्बन्धित कर देने की भी चाल चल गई है। भोली जनता की धार्मिक वृत्ति को उत्तेजित कर, उसके धर्म को खतरे में बतलाकर और अपने आपको उसके उद्धार में तत्पर जता कर कुछ व्यक्ति राजनीतिक प्रधानता प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं। इसमें उन्हें सरलता दिखती है। उन्होंने भाषा के प्रश्न को भी एक

राजनीतिक नारा बनाकर उसे भी धर्म से सम्बन्धित कर दिया है। ऐसे व्यक्तियों के सामने तर्क रखना व्यर्थ है। वे उन पर विचार करने के लिए न तो तैयार हैं और न कर ही सकते हैं। हम तो केवल यही कह सकते हैं कि धर्म से भाषा का बिलकुल सम्बन्ध नहीं है। मूल में न तो वेद हिन्दी, मराठी या बंगला में थे, न कुरान शरीफ उर्दू में लिखा गया था और न होली बाइबिल अंग्रेजी में लिखी गई थी। धर्म शाश्वत है, भाषा परिवर्तनशील है। धर्म आत्मा का विषय है और भाषा समाज में एक दूसरे पर अपने विचार व्यक्त करने का साधन है। अस्तु।

परन्तु आज हिन्दी के शासन-कार्य में प्रयोग किये जाने के लिए अधिक तर्क प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। ब्रिटिश भारत तथा अलवर, इन्दौर, जयपुर, कोटा, ओरछा आदि अनेक देशी राज्यों में प्रजा की सुविधा के लिए हिन्दी का प्रचार प्रारम्भ हो गया है। उसकी उपयोगिता भी मानी जा चुकी है। यह सभी मान चले हैं कि इसका सम्बन्ध न तो धर्म से है और न राजनीति से, यह तो शुद्ध सुविधा का विषय है।

एक प्रश्न और विचारणीय है, वह है पारिभाषिक शब्दों का। प्रान्तीय भाषाओं में पारिभाषिक शब्दों के लिए देशज शब्दों का प्रयोग अधिक नहीं किया जा सकता। अतः यह शब्द फारसी से लिए जाँय अथवा संस्कृत से? फारसी शब्दों के पक्ष में यह कहा जा सकता है कि वह थोड़े बहुत प्रचलित हो गए हैं। संस्कृत शब्दों के प्रयोग में एक बहुत बड़ा लाभ है। हिन्दी, मराठी, बंगला, गुजराती, उड़िया, पंजाबी, आसामी आदि आर्य भाषाएँ पूर्णतः तथा दक्षिण की तामिल, तेलगू, मलयालम, कन्नड़ आदि द्रविड़ भाषाएँ अंशतः अपना शब्द-कोष संस्कृत के

शब्द-सागर से भरती हैं। इस प्रकार संस्कृत से पारिभाषिक शब्द लेने से हिन्दी इन प्रान्तीय भाषाओं के अधिक निकट होगी।

आज इसी अखिल भारतीय भाषा-एकता के विचार को दृष्टि में रखकर एक ऐसे शब्द-समूह को खोजने की भी कल्पना है जो सम्पूर्ण भारतीय भाषाओं में सामान्य हो और जिसके आधार पर किया गया विचार विनिमय भारतवर्ष की अधिकतम जनसंख्या समझ सके। संस्कृत से लिया गया यह पारिभाषिक शब्दों का संग्रह इस कमी को पूरा कर सकता है। परन्तु प्रस्तुत कोष में यह लक्ष्य प्रधानतः नहीं रहा है। इन दो सहस्र शब्दों में से प्रायः तीन चौथाई ऐसे अवश्य होंगे जो समस्त भारतीय भाषाओं में मान्य किये जा सकें। परन्तु इस विचार को इस समय हम प्रस्तुत मात्र करते हैं, और यहाँ केवल यही संकेत कर सकते हैं कि यद्यपि प्रधानतः हिन्दी को ही ध्यान में रखकर यह संग्रह किया गया है, परन्तु साथ ही संग्रह-कर्त्ता तथा संशोधकों ने अपने मराठी, बंगला, गुजराती आदि भाषाओं के शब्द-ज्ञान से लाभ अवश्य उठाया है।

इस सम्बन्ध में एक प्रश्न और विचारणीय सम्मुख आता है। काशी के एक अत्यन्त प्रसिद्ध भाषातत्त्व विशारद तथा संस्कृत और हिन्दी के मान्य विद्वान को इस शब्द-संग्रह के दिखाने पर उन्होंने यह शंका की थी कि प्राचीन स्मृतियों में प्रयोग किये गए शब्दों को इसमें पूर्णतः उन्हीं अर्थों में नहीं लिया गया है। हमने इसके पारिभाषिक शब्दों के लिए याज्ञवल्क्य स्मृति, मनुस्मृति, कौटिल्य के अर्थ-शास्त्र और राज-तरंगिणी के शब्दों और उनके अर्थों को खोजा अवश्य है और उनसे पूर्ण लाभ भी उठाया है, पर अनेक स्थलों पर हम ऐसा नहीं भी कर सके हैं। याज्ञवल्क्य स्मृति में 'व्यवहार' शब्द

सम्पत्ति अथवा अपराध सम्बन्धी 'मामले' के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। परन्तु हिन्दी-साहित्य में अनेक शताब्दियों से 'व्यवहार' शब्द का व्यवहार जिस अर्थ में रूढ़ हो गया है वह स्पष्ट है। हमने इस अर्थ से हटना उचित नहीं समझा। यद्यपि 'व्यवहार' से बने हुए अन्य शब्द 'व्यवहार' के स्मृति-सिद्ध अर्थों में ही दिये हैं, जैसे 'व्यवहारी' का प्रयोग हमने 'मुवक्किल' के अर्थ में किया है। 'आसेध' सम्पत्ति का भी हो सकता है, व्यक्ति का भी, परन्तु प्राचीन ग्रन्थों में व्यक्ति के लिए ही अधिक प्रयुक्त है। परन्तु व्यक्ति के लिए 'बन्दी' जैसे प्रचलित शब्द के होते हुए हमने 'आसेध' शब्द का प्रयोग सम्पत्ति के आसेध के अर्थ में किया है। कहीं कहीं, यद्यपि बहुत कम, हमें थोड़ी स्वाधीनता से (जिसे विद्वान लोग चाहें तो उच्छृंखलता भी कह सकते हैं) कार्य करना पड़ा है। "Share" के अर्थ में हमने 'अंश' शब्द रखा इसलिये "Share-holder" के लिए 'अंशधारी' शब्द का प्रयोग किया। हमारे एक संशोधक विद्वान जो संस्कृत के मान्य पंडित हैं हमारे इस प्रयोग से सहमत न हो सके, परन्तु 'धारण' तथा Holding की समानता के कारण हम उसके प्रयोग के प्रलोभन को रोक न सके। इन इने-गिने चार छै उदाहरणों के अतिरिक्त प्राचीन स्मृतियों के शब्दों तथा उनके अर्थों को उपयुक्त और उचित मान्यता दी गई है।

शब्दों के चयन में यह ध्यान रखा गया है कि शासन-कार्य में तथा विधानों आदि में प्रयोग किये जाने वाले पारिभाषिक शब्दों को ही और प्रायः सभी पारिभाषिक शब्दों को संग्रहीत कर दिया जाय। इसके लिए सम्पत्ति सम्बन्धी, अपराध सम्बन्धी, राजस्व सम्बन्धी तथा सेवा-नियम आदि सब विधानों के अंग्रेजी अथवा फारसी पारिभाषिक शब्दों को एकत्रित कर

उनके हिन्दी पर्यायवाची शब्द दे दिए गए हैं। ग्वालियर राज्य में जितने विधानों के आलेख निकल चुके हैं उनके शब्द छाँटने में तो कोई कठिनाई पड़ी ही नहीं, क्योंकि जो आलेख आजकल निकल रहे हैं उनके पारिभाषिक शब्दों का फारसी अथवा अरबी पर्यायवाची शब्द साथ ही कोष्टक में रहता है और आलेख का अनुवाद समानान्तर स्तम्भ में अंग्रेजी में भी दिया रहता है। अतः इस शब्द-चयन का अधिकांश श्रेय तो ग्वालियर राज्य के न्याय-सचिव श्री गोविन्दराव कृष्णराव जी शिन्दे, बार-एट-लॉ, को है जिन्होंने अपने विधानों को "आमफ़हम" बनाने के प्रयास में हमारा कार्य भी अत्यन्त सुगम कर दिया। उसके लिए हम ही क्या, समस्त हिन्दी-भाषी-संसार उनको हार्दिक धन्यवाद देता है और देता रहेगा। बड़ौदा, इन्दौर, अलवर आदि अन्य देशी राज्यों के विधानों से भी हमें अत्यन्त सुन्दर शब्द मिले। हमने उनका संग्रह भी निस्संकोच भाव से कर लिया। उन राज्यों के अधिकारियों के हम अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

इस शब्द-संग्रह के कार्य में हमें अभी तक के निकले हुए कोष-ग्रन्थों से भी बहुत सहायता मिली है। बड़ौदा का 'श्री सयाजी-शासन-शब्द कल्प-तरु' तो इस दिशा में अपने प्रकार का अपूर्व ग्रन्थ है, साथ ही राज्य के प्रतिष्ठित वकील स्वर्गीय श्री परमेश्वरदयाल श्रीवास्तव ने जो कोष-ग्रन्थ तैयार किया है वह भी उनका एकाकी तथा आरम्भिक प्रयास होने के कारण स्तुत्य है। इन दोनों ग्रन्थों के अतिरिक्त हिन्दी तथा प्रान्तीय भाषाओं के कोष-ग्रन्थों से हमने सहायता ली है।

इतने कोष-ग्रन्थों के होते हुए भी इस ग्रन्थ की हमने उपयोगिता समझी है और उसे प्रकाशित कर रहे हैं। इसके विषय में दो शब्द लिखना उचित है।

प्रस्तुत संग्रह कोई कोष-ग्रन्थ नहीं है। यह तो उपयोगिता की दृष्टि से अधिक से अधिक सफल हो सके इस विचार से निर्मित किया गया शब्द-संग्रह है। प्रत्येक शब्द की विस्तृत व्याख्या, उत्पत्ति आदि कोष के आवश्यक अवयव इसमें नहीं हैं। हिन्दी पारिभाषिक शब्दों के विषय में दो प्रकार की तथा दो वर्गों की कठिनाइयाँ आ सकती हैं। एक तो यूनीवर्सिटी से निकला हुआ उपाधिधारियों का वह वर्ग है जो केवल अँग्रेजी में ही सोच सकता है और उसके विचार में पहिले अँग्रेजी शब्द आता है। उसके लिए इस संग्रह का दूसरा भाग उपयोगी होगा। उसमें खोजने पर मिलेगा कि उन्हें उक्त अँग्रेजी शब्द के स्थान पर किस हिन्दी शब्द का प्रयोग करना चाहिए। इसी प्रकार जो लम्बे अभ्यास के कारण अथवा शिक्षा के कारण अरबी-फारसी शब्दों से अभ्यस्त हो गए हैं उनके लिए तीसरा भाग उपयोगी होगा। पहिले भाग में हिन्दी पारिभाषिक शब्द का अँग्रेजी पर्यायवाची शब्द दिया गया है। अतएव जो भी शासन के व्यवहार में आने वाले हिन्दी पारिभाषिक शब्द सीखना तथा जानना चाहते हैं वे इससे सीख व जान सकते हैं। इसी उपयोगिता के विचार से हमने इस ग्रन्थ को प्रस्तुत करने का साहस किया है।

हम यहाँ यह भी स्पष्ट करदें कि हम उस शुभ दिन की बाट में हैं जब कि एक ऐसा महान कोष-ग्रन्थ निकले जिसमें शासन सम्बन्धी सभी ऐसे शब्दों का संग्रह हो जिनका प्रयोग सभी प्रान्तीय भाषाओं में किया जा सके। उनकी व्युत्पत्ति, विस्तृत व्याख्या तथा अन्य आवश्यक बातें भी हों। हमारे विद्या-प्रेमी उदारमना श्रीमन्त सरकार महाराज के वरदहस्त रहते हुए यह स्वप्न कठिन भी नहीं दिखता।

अभी तो हमें यही ग्रन्थ पूर्ण और त्रुटि-रहित नहीं ज्ञात होता। इसके संग्रह-कर्ता, संशोधक महोदय तथा अन्य विद्वानों ने भी इस पर पूर्ण प्रयास किया है, फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि इसमें सब पारिभाषिक शब्द आए हैं और केवल पारिभाषिक शब्द ही आए हैं। इसकी पूर्ति का एक ही उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह छोटा हो चाहे बड़ा, निस्संकोच भाव से अपने सुझाव भेजे। जो पारिभाषिक शब्द रह गए हैं, उन्हें बतलाए तथा जो शब्द वास्तव में पारिभाषिक नहीं हैं और इस संग्रह में आगए हैं उनको भी बतलाए। इस प्रकार के सुझाव तथा अन्य सम्मतियाँ अत्यन्त कृतज्ञता पूर्वक स्वीकार की जायँगी और उनसे लाभ उठाया जायगा। यह सुझाव संग्रह-कर्ता के पास भेजे जावें।

अन्त में हम एक बात और स्पष्ट कर देना चाहते हैं। किसी भी कोप ग्रन्थ द्वारा किसी भाषा का ज्ञान नहीं कराया जा सकता, कोप से शब्दों का ही ज्ञान हो सकेगा। उनका प्रयोग कैसे किया जाय यह अभ्यास और मनन का विषय है।

हिन्दी के विद्वानों की सेवा में भी हम यह विनय करना अपना कर्तव्य समझते हैं कि पारिभाषिक शब्दों को छोड़ कर अन्य स्थलों पर अनगढ़ और अनावश्यक संस्कृत शब्दों के प्रयोग से वे भाषा को बोझिल न बनावें। अन्य भाषाओं के जो शब्द हिन्दी में घुल मिल गए हैं उनका बहिष्कार करने से हिन्दी की जीवन-शक्ति मारी जायगी। साथ ही एक अर्थ में एक ही शब्द का प्रयोग किया जाय। अलग अलग शब्द गढ़ने के प्रयास से हिन्दी के हित को भारी हानि पहुँचेगी।

इस संग्रह में जिन सज्जनों ने प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से सहायता दी है उनके हम कृतज्ञ हैं। इसके संशोधक महोदय तथा सर्व श्री मिट्ठनलाल मीतल बी० ए० एल-एल० बी०, भानुप्रताप सिंह बी० ए० एल-एल० बी०, बलवन्त दयाल दादू एम० ए० एल-एल० बी०, हिम्मत बहादुर बी० ए० एल-एल० बी०, श्रीनाथ गुप्त बी० ए०, आदि सज्जनों के कार्य की हम प्रशंसा करते हैं। श्री भजनलालजी शर्मा ने इसके प्रूफ देखने में बहुत प्रशंसनीय परिश्रम किया है। हम श्री० अ० सं० शिर्के, मैनेजर ए० डी० प्रेस के भी अत्यन्त आभारी हैं जिन्होंने इस पुस्तक को बड़े परिश्रम से सुन्दर रूप में छाप कर समय पर प्रकाशित कर दिया है।

अन्त में, हम अपने स्वामी श्रीमन्त महाराजा शिन्दे सरकार के समक्ष पुनः एक बार अपना विनम्र अभिवादन प्रस्तुत करते हैं जिन्होंने इस स्वल्प प्रयास को अपना वरदहस्त प्रदान कर तथा इसका समर्पण स्वीकार कर इसे तथा हमें गौरवान्वित किया। परमपिता परमेश्वर से हमारी तथा हमारे सहयोगियों की समवेत प्रार्थना है कि वह हमारे श्रीमन्त महाराज को राजपरिवार सहित चिरायु करे।

—सम्पादक।

शासन-शब्द-संग्रह

पहिला भाग

हिन्दी-अंग्रेजी

शासन-शब्द-संग्रह

हिन्दी	अंग्रेजी
अंक	.... Figure, Data
अंगीकरण	.... Admission
अंतर	.... Difference
अंश	.... Share
अंशदान	.... Contribution
अंशधारी	.... Share-holder
अंशिका	.... Instalment
अकस्मात्	.... Accidentally
अकाट्य	.... Conclusive
अकाट्य प्रमाण	.... Conclusive proof
अकृत्रिम	.... Genuine, Natural
अक्षम	.... Incompetent
अक्षर	.... Letter
अक्षरशः	.... Literal
अखण्डनीय	.... Irrevocable, Irrebutable
अग्रक्रयाधिकार	.... Pre-emption
अग्रमान्यता	.... Preference
अग्रसर करना	.... Furtherance
अग्रसर होना	.... Proceed
अग्राधिकार	.... Priority
अग्राह्य	.... Inadmissible

अग्रिम .... Prior, Advance
अचानक .... Sudden
अतिक्रम .... Trespass
अतिरिक्त .... Additional
अतिरिक्त लाभ .... Bonus
अत्याचार .... Tyranny
अत्यधिक .... Exorbitant
अधिकता .... Excess
अधिकतम .... Maximum
अधिकार .... Authority
अधिकार-क्षेत्र .... Jurisdiction
अधिकार-पत्र .... Charter, Instrument
अधिकृत .... Authorised
अधिवास .... Occupancy
अविवासी .... Occupant
अधिवेशन .... Session
अधीन राज्य .... Dependency
अधीनस्थ .... Subordinate
अधीनस्थ स्थल .... Servient-heritage
अध्यक्ष .... Chairman
अध्याय .... Chapter
अनधिकृत .... Unauthorised
अनधिकार-अवरोध .... Wrongful confinement
अनधिकार-पूर्ण .... Wrongful
अनधिकार रोक .... Wrongful restraint
अनधिकार-पूर्ण लाभ .... Wrongful gain

अनधिकार-पूर्ण हानि .... Wrongful loss
अनभिज्ञ .... Ignorant
अनवधानता .... Inadvertence
अनाथ .... Orphan
अनादर .... Indignity
अनावश्यक .... Unnecessary
अनियमित .... Anomalous (T. P. A), Irregular
अनिवार्य .... Inevitable, Compulsory
अनिश्चित .... Indefinite, Uncertain
अनुकम्पा .... Favour
अनुग्रह .... Grace.
अनुचित .... Illicit
अनुचित प्रभाव .... Undue influence
अनुचित संयोजन .... Mis-joinder
अनुपयुक्त .... Inappropriate, Improper
अनुपस्थित .... Absent
अनुपस्थिति .... Non-appearance, Absence
अनुपात .... Proportion
अनुबन्ध .... Contract
अनुबन्ध-भंग .... Breach of contract
अनुभव .... Experience
अनुमति .... Permission
अनुमति-पत्र .... License
अनुमति-पत्र-ग्रहीता .... Licensee
अनुमति-पत्र-दाता .... Licensor

अनुमान .... Presumption, Inference
अनुमान करेगा .... Shall presume
अनुमान कर सकना .... May presume
अनुमान-पत्रक .... Budget
अनुमोदक .... Seconder, Corroborative
अनुमोदन .... Ratification
अनुरूप .... Compatible, Consistent
अनुरूपता .... Conformity
अनुवादक .... Translator
अनुशासनात्मक .... Disciplinary
अनुसन्धान .... Investigation
अनुसरण .... Pursuance, Follow
अनैतिक .... Immoral
अन्तर्भूत लाभ .... Mesne profit
अन्तर्भूत लाभ सम्बन्धी वाद .... Suit for mesne profit
अन्तर्राष्ट्रीय .... International
अन्तर्वर्त .... Interlocutory, Interim
अन्तर्वर्ती आज्ञा .... Interlocutory order
अन्तिम .... Final, Ultimate
अन्त्येष्टि .... Funeral
अन्याय .... Injustice
अन्वेषण .... Search
अपमान .... Insult, Contempt
अपयश कारक .... Disgraceful
अपराधशील जाति .... Criminal tribe
अपराध सम्बन्धी .... Criminal

अपराध-सिद्धि	.... Conviction
अपराध-स्वीकृति	.... Confession
अपराध	.... Offence
अपराधी	.... Convict, Offender
अपराधी-समर्पण	.... Extradition
अपरिपक्व	.... Premature
अपरिहार्य	.... Indispensable
अपर्याप्त	.... Inadequate, Insufficient
अपर्याप्त प्रतिफल-प्रतिज्ञा	.... Unconscionable bargain
अपवाद	.... Exception
अपहृति	.... Forfeiture
अपूर्ण	.... Imperfect
अप्रकट	.... Latent
अप्रचलित	.... Obsolete
अप्रतिबन्ध दाय	.... Unobstructed heritage
अप्रतिरोध्य	.... Irresistible
अप्रत्यक्ष	.... Non apparent
अप्रत्यक्ष रूप में	.... Indirectly
अप्रस्तुत	.... Deferred
अप्रस्तुत स्त्री-शुल्क	.... Deffered dower
अप्राकृतिक	.... Unnatural
अप्राकृतिक अपराध	.... Unnatural offence
अभद्र	.... Indecent
अभिप्राय-पूर्वक	.... Intentionally
अभिभाषक	.... Pleader
अभिभाषक-संघ	.... Bar

अभिभाषण-व्यवसायी	....	Legal Practitioner
अभियुक्त	....	Accused
अभियोग-पक्ष	...	Prosecution
अभियोग चलाना	....	Prosecute
अभियोग लगाना	....	Accusation
अभियोगी	....	Complainant
अभिव्यक्ति	....	Disclosure
अभ्यास	....	Practice
अयुक्त संयोजन	....	Mis-joinder
अयोग्यता	....	Inability, Disability, Disqualification
अराजकता	....	Anarchy
अवशिष्ट भोक्ता....	....	Residuary
अर्थ-दण्ड	....	Fine
अर्थ-पूर्ण	....	Significant
अर्थ-विभाग	....	Finance Department
अर्थ-शास्त्र	....	Economics
अर्थ-सम्बन्धी	....	Pecuniary
अर्ध भाग	....	Moiety
अर्पित करना	...	Assign
अल्पमत	....	Minority
अवज्ञा	....	Disobedience, Insubordination, Defiance
अवधि	....	Duration, Limitation, Term
अवनति	....	Degradation

अवयव .... Ingradient, Component
अवयस्क .... Minor
अवयस्कता .... Minority
अवरोध .... Confinement
अवशिष्ट .... Remaining
अवसर .... .. Occasion, Opportunity
अविभक्त .... Undivided
अविभाज्य .... Impartible
अविनिमय-साध्य .... Inconvertible
अविश्वसनीय .... Incredible
अवैतनिक .... Honorary
अवैध .... Illegal
अव्यवस्था .... Disorder
अव्यवहार्य .... Void
अशक्तता .... Incapacity
अशासकीय .... Non-Official
अशुद्ध .... Incorrect
अश्लील .... Obscene
असत्य सिद्ध करना .... Disprove
असन्तोष .... Discontent
असफल .... Unsuccessful
असफलता .... Failure
असंयोजन .... Non-joinder
असम्बद्ध .... Irrelevant
असम्भव .... Impossible
असम्भाव्य .... Improbable

असहमति .... Dissent
असाधारण .... Extra-ordinary
असाध्य .... Impracticable
असावधानी .... Negligence
असंगत .... Inconsistent
असिद्ध .... Not proved
असीमित .... Unlimited
असुविधा .... Inconvenience
अस्त्र .... Arms
अस्तित्व .... Existence
अस्थायी .... Temporary
अस्थि-भंग .... Fracture
अस्पष्ट .... Illegible, Vague, Obscure
अस्पर्शनीय .... Intangibie
अस्वस्थ .... Unsound
अस्वीकार करना .... Reject
अस्वीकृति .... Rejection, Denial
आँकना .... Estimate
आकस्मिक .... Casual, Accidental
आकस्मिक आवश्यकता .... Emergency
आक्रमण .... Invasion
आग्रह करना .... Insist
आघात .... Injury, Wound
आचरण .... Conduct
आचार .... Custom
आजन्म कारावास .... Life imprisonment

आजीविका .... Livelihood
आज्ञा .... Order
आज्ञा-पत्र .... Process
आज्ञा-पत्र शुल्क .... Process fee
आज्ञा पालन .... Obedience
आढ़त .... Commission
आतंक .... Panic
आतंककारी .... Sensational
आत्म-निर्णय .... Self determination
आत्म-रक्षा .... Self defence
आत्म-संयम .... Self control
आत्म-हत्या .... Suicide
आदेश .... Provision, Mandate
आदेशात्मक .... Mandatory
आधार .... Grounds, Basis
आधिपत्य .... Possession, Occupation
आधिपत्यच्युत करना .... Eject, Evict
आधुनिक .... Modern
आध्यात्मिक .... Spiritual
आनुपातिक .... Proportionate
आनुषंगिक .... Collateral, Incidental
आन्तरिक .... Internal
आन्तरिक आघात .... Contused wound
आन्दोलन .... Movement
आपत्ति .... Objection
आपत्ति-पत्र .... Objection application

आपत्तिजनक	.... Objectionable
आभासित अनुबन्ध	.... Quasi contract
आभासित सुखाधिकार	.... Quasi easement
आमुख	.... Preface
आय	.... Income, Proceeds
आय-कर	.... Income-tax
आय-व्यय-परीक्षक	.... Auditor
आयात	.... Import
आयु	.... Age
आयोजन	.... Preparation
आयोजन करना	.... Convene
आरोप	.... Charge (Cr. P. C.)
आरोपण	.... Imputation
आरोप-पत्र	.... Charge-sheet
आरोपित	.... Imputed
आरोपित करना	.... Impose
आरोहण	.... Accession
आर्थिक	.... Fiscal, Pecuniary
आलेख	.... Draft, Bill
आवश्यक	.... Essential
आवश्यकता	.... Requirement, Necessity
आवश्यक सुखाधिकार	.... Easement of necessity
आविष्कार	.... Invention
आवेदक	.... Applicant
आवेदन-पत्र	.... Application
आशय	.... Purpose

आश्वासन .... Warranty
आश्रय लेना .... Resort
आश्रित .... Dependent
आसन्न .... Imminent, Impending
आसामी .... Tenant
आसेध .... Attachment
आह्वान-पत्र .... Summons
इच्छा .... Volition, Desire
इच्छा पूर्वक .... Wilfully
ईश्वरदत्त स्वत्व .... Divine right
उकसाना .... Instigate, Seduce
उगाहना .... Recover, Realize
उचित .... Expedient, Fit
उचित सिद्ध करना .... Justify
उतार-चढ़ाव .... Fluctuation
उत्तरकालीन .... Posterior
उत्तरजीवी .... Survivor
उत्तरदान .... Bequest, Legacy
उत्तरदान कर्ता .... Legator, Testator
उत्तरदान ग्रहीता .... Legatee
उत्तरदायित्व .... Responsibility
उत्तर-पत्र (मृत्यु-पत्र) .... Will, Testament
उत्तर-पत्र-उपांग .... Codicil
उत्तर-पत्र-हीन .... Intestate
उत्तर, उत्तर-पक्ष .... Reply, Defence
उत्तराधिकार .... Inheritance

उत्तराधिकार-योग्य .... Heritable
उत्तराधिकारी .... Heir, Successor
उत्तराधिकार-वंचित .... Disinherited
उत्तराधिकार हीन .... Unclaimed
उत्तेजक .... Incentive, Instigator
उत्तेजित करना.... .... Excite, Agitate
उत्पन्न होना .... Accrue
उत्पादक .... Producer
उत्पादन .... Out-put
उत्पीड़न .... Coercion
उत्साह .... Zeal
उत्साहित करना .... Encourage
उदार .... Liberal
उदासीन .... Indifferent
उदाहरण .... Example
उदाहरणीय .... Exemplary
उद्घाटन .... Inauguration
उद्घोषणा .... Proclamation
उद्देश्य .... Object
उद्धरण .... Extract, Recital
उद्यत .... Ready
उद्यमी .... Painstaking
उद्योग .... Industry
उद्विग्न करना .... Embarrass
उद्वेजन (खीज) .... Annoyance
उन्नति .... Promotion

उपकरण .... Implement
उपज .... Produce
उपजाऊ .... Fertile
उपद्रव .... Revolt
उप-धारा .... Sub-section
उप-नियम .... Bye-laws
उप-निर्वाचन .... Bye-election
उपनिवेश .... Colony
उप-पट्टा .... Sub-lease
उपभोग .... Enjoyment
उपभोग करना.... .... Enjoy
उपभोग-जन्य .... Prescriptive
उपयुक्त .... Proper
उपयोग .... Use, Appropriation
उपयोग करना.... .... Consume
उपयोगिता .... Utility
उपवेतन .... Allowance
उपस्थिति .... Appearance
उपाधियाँ .... Titles
उपाय .... Remedy, Measure
उपार्जित करना.... .... Acquire
उपेक्षा .... Connivance
उपेक्षा करना .... Ignore
उलट देना .... Over-rule
उल्लंघन .... Infringement, Violation
उल्लंघन करना.... .... Contravene

उल्लेख	.... Reference
ऋण	.... Loan, Debt
ऋण-ग्रस्त	.... Indebted
ऋण-दाता	.... Creditor
ऋण-देना	.... Lend
ऋण-पत्र	.... Bond
ऋण-भार	.... Encumbrance
ऋण-भार-कर्ता	.... Incumbrancer
ऋणी	.... Debtor
एकतंत्र	.... Autocracy
एकता	.... Unity
एकत्रित	.... Comulative, Aggregate
एकत्रित करना	.... Consolidate
एकपक्षीय	.... Ex-parte
एकाकी	.... Exclusive
एकाधिकार	.... Monopoly
एकाधिपति	.... Dictator
एकान्तता	.... Privacy
एकीकरण	.... Consolidation
ऐक्य	.... Harmony
ऐच्छिक	.... Optional
ऐच्छिक छुट्टी	.... Privilege leave
औचित्य	.... Justification
औद्योगिक	.... Industrial
औलाती	.... Eaves
कंगाल	.... Pauper

कछार	.... Alluvion
कथन	.... Allegation, Deposition
कथन (लेखा)	.... Statement
कथन करने वाला	.... Deponent
कपट	.... Fraud
कपट करना	.... Defraud
कपट मंत्रणा	.... Collusion
कपट-मय	.... Fraudulent
कपट-सन्धि-पूर्ण	.... Collusive
कम करना	.... Extenuate
कमी	.... Deficiency
कमी करना	.... Deduction
कर	.... Cess, Tax
करुणा	.... Compassion, Mercy
कर्तव्य	.... Duty
कर्तव्यता	.... Obligation
कर्मचारी तंत्र	.... Bureaucracy
कर्मचारी वर्ग....	.... Establishment
कर्म-संवत्सर (कौटिल्य)	.... Financial year
कल्पना	.... Supposition, Hypothesis
कष्टदायक बात	.... Nuisance
काम	.... Undertaking
काम करने वाला	.... Employee
काम पर लगाना	.... Employ
काम पर लगाने वाला	.... Employer
कारखाना	.... Factory

कारबार	.... Business
कारागृह	.... Jail, Prison
कारावास	.... Imprisonment
कार्यक्रम	.... Agenda
कार्यकाल	.... Term of office
कार्यभार	.... Charge
कार्यवाही	.... Proceeding
काल्पनिक	.... Fictitious, Imaginary
किराये पर देना	.... Let
किशोर	.... Juvenile
किसान	.... Agriculturist
कुप्रबन्ध	.... Mal-administration
कुप्रसिद्ध	.... Notorious
कुमारी	.... Virgin
कुलीन-तंत्र	.... Aristocracy
कूटनीति	.... Diplomacy
कूट-परीक्षण	.... Cross examination
केन्द्र स्थान	.... Head quarter
कोलाहल	.... Noise
कोष	.... Treasure
कौशल	.... Skill
कृत्रिम	.... Artificial, Fictitious
क्रम	.... Order
क्रमानुगत	.... Consecutive
क्रमानुगत दण्डाज्ञाएँ	.... Consecutive sentences
क्रमानुसार	.... Successively

क्रमिक	.... Proforma
क्रय-धन	.... Purchase money
कृषि	.... Cultivation
क्रान्ति	.... Revolution
क्रेता	.... Vendee
क्रोधावेश	.... Provocation
क्लेश	.... Distress
क्षणिक संधि	.... Truce
क्षति	.... Damage, Injury
क्षति पहुँचाना....	.... Damnify, Injure, Do harm to
क्षति-पूर्ति	.... Compensation, Indemnity
क्षतिपूर्ति-वाद	.... Suit for damage
क्षमा	.... Pardon
क्षमा-याचना	.... Apology
क्षयशील	.... Perishable
क्षेत्र	.... Area
क्षेत्र-पुस्तक	.... Field-book
क्षेत्र-मापक	.... Surveyor
खण्डन	.... Rebuttal, Revocation
खण्डन करना	.... Rebut, Supersede, Annul
खण्डनीय	.... Revocable
खण्डित करना....	.... Revoke, Quash
खरीदने वाला....	.... Buyer
खाता	.... Account
खिजाना	.... Annoy

खेती के योग्य.... .... Arable
खेरीज विक्रय .... Retail sale
खोज करना .... Discover
खोज निकालना .... Detect
ख्याति .... Reputation
गठन .... Formation
गणन-वाद .... Suit for accounts
गणना .... Computation
गणना करना .... Calculate
गति अवरोध .... Dead lock
गति शील .... Dynamic
गम्भीर चोट .... Grievous hurt
गम्भीर .... Grave, Grievous, Serious
गम्भीर मामला ... ... Warrant case (Cr. P. C.)
गर्भपात .... Abortion, Miscarriage
गर्भवती .... Pregnant
गर्भाशय .... Womb
गर्भित .... Implied
गहना रख देने वाला .... Pawnor, Pledger
गहना रख लेने वाला .... Pawnee, Pledgee
गहना .... Pawn, Pledge
गाँठ .... Bale
गिरा-ग्रहण .... Hypothecation
गुण .... Quality
गुण-दोष .... Merits
गुदा-मैथुन .... Sodomy

गुप्त .... Confidential
गुप्तचर .... Spy
गुप्त-मत-पत्र .... Ballot
गुरुतर अपराध .... Felony
गुरुतर करना .... Aggravate
गोवध .... Cow slaughter
गौण-साक्ष्य .... Secondary evidence
गृह-अतिक्रम .... House trespass
गृह-उद्योग .... Home Industry
ग्रहण करना .... Entertain
ग्रामोद्धार .... Rural uplift
ग्राम्य .... Rural
ग्राह्य .... Admissible
घटना .... Fact, Occurrence
घटना सम्बन्धी (वाद-हेतु) .... Issue of fact
घटनास्थल .... Spot
घटित होना .... Ensue, Occur
घटी .... Deficit, Loss
घातक .... Deadly, Fatal
घूँस .... Bribe
घोर असावधानी .... Gross negligence
घोषणा .... Notification
घृणा .... Hatred
चुंगी .... Octroi
चक्रवृद्धि ब्याज .... Compound interest
चतुर .... Skilful

चतुःसीमा	.... Abuttals, Boundary
चरण	.... Paragraph
चरित्र	.... Character
चलन	.... Usage
चलपूँजी	.... Floating capital. Working capital
चालू मुद्रा	.... Legal tender
चिकित्सक-अधिकारी	.... Medical officer
चिन्ह	.... Sign, Token, Mark
चिन्हित	.... Impressed
चुकारा	.... Payment
चुनना	.... Selection
चुनौती देना	.... Challenge
चूक	.... Omission
चेतावनी	.... Warning, Admonition
चेष्टा	.... Attempt
चोट	.... Hurt
चोर	.... Thief
चोरी	.... Theft
चोरी से लाना....	.... Smuggling
चोरी की सम्पत्ति	.... Stolen property
छटनी	.... Retrenchment
छल	.... Cheating
छाप	.... Impression
छापना	.... Print
छिपाव	.... Concealment

छीलना .... Erase
छुटकारा .... Release
छुट्टी .... Vacation
छुड़ाना .... Rescue
छूट .... Remission
छोड़ना .... Waiver
छोड़ जाना .... Evacuate
छोड़ देना .... Relinquish
जंगम .... Moveable
जन-गणना .... Census
जन-श्रुति .... Hear-say
जन्म .... Birth
जमाव .... Assembly
जलयान .... Vessel
जाँच .... Inquiry, Enquiry
जाति .... Caste
जातिच्युत .... Out-caste
जानकारी .... Information
जानबूझकर .... Knowingly
जारज .... Bastard, Illegitimate
जीवन .... Life
जीवन-हित .... Life interest
जीविका के साधन .... Means of living
जुआ .... Gambling
जोखम .... Risk
ज्ञान .... Knowledge

ज्ञापन .... Declaration
ज्येष्ठाधिकार .... Primogeniture
ज्वलनशील .... Combustible
झूठा साक्ष्य बनाना .... Fabricating false evidence
टिप्पणियाँ .... Remarks
टीका .... Annotation
टूट-फूट .... Wear & Tear
टोली .... Gang
ठहराव .... Resolution, Agreement
डकैती .... Dacoity
डाकू .... Dacoit
डिक्री .... Decree
ढाँचा .... Structure
तटस्थ .... Neutral
तत्काल .... Immediately
तदनुसार .... Accordingly
तर्क .... Plea
तात्कालिक .... Immediate
तापमान .... Temperature
तारण .... Security
तालिका .... Inventory
तुच्छ .... Insignificant, Frivolous
तुरन्त .... Forthwith
तुलना करना .... Compare
तुल्य .... Tentamount
त्याग देना .... Abandon

त्याग-पत्र .... Resignation
त्रुटि .... Default
थाना .... Police Station
दंगा .... Riot
दण्ड .... Penalty, Punishment
दण्ड-न्यायालय .... Criminal court
दण्डनीय ... . Punishable
दण्डनीय नर-हत्या .... Culpable homicide
दण्ड सम्बन्धी .... Penal
दण्डाज्ञा .... Sentence
दण्डात्मक .... Punitive
दक्ष .... Efficient
दत्तक .... Adopted
दबाव .... Pressure
दमन करना .... Suppress
दया .... Mercy
दयालु .... Kind
दर .... Rate
दर्शक .... Spectator
दर्शनी .... At sight
दर्शनोपरान्तीय .... After sight
दलाल .... Broker
दलित .... Depressed
दहन .... Arson
दहेज .... Dowry
दाता .... Donor

दान	....	Gift, Donation, Endowment
दान-ग्रहीता	....	Donee
दायित्व	....	Liability
दावेदार	....	Claimant
दास	....	Slave
दिवालिया	....	Insolvent
दीर्घकालीन ऋण-पत्र	....	Debenture
दीर्घकालीन छुट्टी	....	Furlough
दुख	....	Grievance
दुखदायी	....	Vexatious
दुखित	....	Aggrieved
दुराचरण	.... ..	Misconduct, Mal-practice
दुरुपयोग	....	Mis-appropriation
दुर्घटना	....	Accident
दुर्बलता	....	Infirmity, Imbecile
दुर्भाग्य	....	Misfortune
दुर्भाव	....	Mala-fide
दुर्भिक्ष	....	Famine
दुर्व्यवहार	....	Mis-behaviour, Mal-treatment
दुस्काल	....	Scarcity
दुष्प्राप्य	....	Rare
दूरदर्शिता	....	Foresight
दूरस्थ	....	Remote
दूषित	....	Corrupt

दूषित प्रलोभन....	.... Corrupt inducement
दूषित व्यवहार....	.... Corrupt practice
दृष्टान्त	.... Illustration
दृष्टान्त, निर्णय	.... Precedent, Ruling
देय	.... Payable
देवस्थानी सम्पत्ति	.... Debutter property
देश-भक्ति	.... Patriotism
देश-द्रोही	.... Traitor
देशी राज्य	.... Native State
दैनन्दिनी	... Diary
दैवी प्रकोप	.... Divine displeasure
दोष	.... Flaw, Defect
दोष-पूर्ण	.... Defective
दोषारोपण	.... Impeach, Accrimination
दोषी	.... Guilty, Culprit
द्रव्य-वाद	.... Money suit
द्विभाषिया	.... Interpreter
द्वयर्थक	.... Ambiguous
द्वेष	.... Malice
धमकी	.... Threat
धमकी देना	.... Threaten
धरना	.... Picketing
धरोहर	.... Deposit
धर्म-परिवर्तन	.... Apostacy
धर्मादाय	.... Charitable endowment
धर्माधीन कथन	.... Affirmation

धा भाई .... Foster brother
धारक .... Holder
धारा .... Section
धार्मिक .... Religious
धुरी .... Axis
ध्यान .... Advertance
धृष्टता .... Impertinence
नकली .... Counterfeit
नकारात्मक .... Negative
नगर-सभा .... Municipality
नपुंसकता .... Impotency
नपुंसक करना .... Emasculate
नर-हत्या .... Homicide
नवीनकरण .... Renewal
नष्ट करना .... Destroy
नागरिक .... Citizen, Urban, Civil
नामरहित .... Anonymous
नामांकित .... Famous
नामें डालना .... Debit
नाली .... Drain
नाश .... Destruction
निकटवर्ती .... Adjoining
निकाल देना .... Eliminate
निक्षेप .... Bailment
निक्षेप-ग्रहीता .... Bailee
निक्षेपी .... Bailor

निर्णय .... Decision
निन्दात्मक .... Libellous
निन्दात्मक लेख .... Libel
निन्द्य .... Scandalous
निपटारा .... Settlement
निमन्त्रण .... Invitation
निम्नसेवक .... Menial servant
नियत करना .... Prescribe
नियतकालिक .... Periodical
नियंत्रण .... Control
नियम .... Rules
नियमित (व्यवस्थित) .... Regular
नियुक्ति .... Appointment
नियोक्ता .... Principal
नियोजित करना .... Nominate
निरंकुश शासन.... .... Despotism
निरगमन .... Egress
निरंतर .... Perennial
निरंतरता .... Perpetuity
निरपराध .... Innocent
निरपेक्ष .... Unqualified
निरसन .... Rescission, Cancellation, Abrogation
निरस्त करना .... Set aside, Repeal
निराकरण .... Disposal
निरादर करना.... .... Dishonour

निराश करना .... Disappoint
निरीक्षण ... . Inspection
निरूपण .... Determination
निरूपण-योग्य.... ... Determinable
निरोध .... Custody
निर्णय .... Judgment
निर्णय करना .... Adjudge, Decide
निर्णायक मत.... .... Casting vote
निर्णीत ऋणदाता .... Judgment creditor
निर्णीत ऋणी .... Judgment debtor
निर्दयता .... Cruelty
निर्दिष्ट .... Specified
निर्दिष्ट स्थान .... Destination
निर्दिष्ट सहायता .... Specific relief
निर्देश .... Direction, Instruction
निर्धारित सिद्धान्त .... Ruling
निर्माण करना .... Erect, Frame
निर्मूल्य .... Gratuitous
निर्यात करना .... Export
निवृत्ति वेतन .... Pension
निवृत्ति पुरस्कार .... Gratuity
निर्बन्ध .... Term (Condition)
निर्वाचक .... Elector
निर्वाचक-नामावली .... Electoral Roll
निर्वाचन-क्षेत्र .... Constituency
निर्वाचन (चुनाव) .... Election

निर्वाचन करना (चुनाव करना) Elect

निर्वाचन-पदाधिकारी .... Returning officer

निर्वाचन-योग्य .... Eligible

निर्वासन .... Transportation

निर्वासित करना .... Deport

निर्वाह .... Subsistence, Execution

निर्वाहक (मृत्युपत्र) .... Executor

निर्विवाद .... Undisputed, Indisputable Implicit

निवारक .... Deterrent

निवासस्थान .... Residence

निवासी .... Inhabitant, Resident

निविष्ट .... Imbedded

निःशस्त्रीकरण.... .... Disarmament

निश्चय .... Fixed

निश्चय करना .... Finding

निश्चयात्मक .... Cogent

निषेध .... Prohibit, Prohibition

निषेधाज्ञा .... Injunction

निषेधाज्ञा-वाद .... Injunction suit

निषेधात्मक .... Prohibitory

निषेधात्मक सुखाधिकार .... Negative easement

निष्कर्ष निकालना .... Deduce

निष्कासन-वाद .... Suit for ejectment

निष्पक्ष .... Impartial

निष्पक्षता .... Impartiality

निष्पादन .... Performance
निष्पादन करना .... Perform
निष्फल .... Fruitless
निष्फल करना .... Defeat, Nullify
निहित .... Vested
निहित करना .... Invest, Vest
नीच (कुप्रसिद्ध) .... Notorious
नीति .... Policy
नीतिघोषणा-पत्र .... Manifesto
नूतन .... Recent
नृशंस .... Heinous
नेता .... Leader
नैतिक .... Moral
नैराश्य .... Despair
न्याय .... Justice
न्याय-ग्राह्य सूचना .... Judicial Notice
न्याय-दान .... Administration of Justice
न्याय-युक्त .... Just
न्याय-विभाग .... Judicial Department
न्याय-शुल्क .... Court-fee
न्याय-संगत .... Fair, Lawful
न्याय-सम्बन्धी.... .... Judicial
न्यायाधीश .... Judge
न्यायालय .... Court
न्यास .... Trust
न्यासधारी .... Trustee

न्यास-निर्माता .... Author of the Trust
न्यास-पत्र .... Instrument of Trust
न्यास-सम्पत्ति ... Trust property
न्यासिक .... Fiduciary
न्यून-तम .... Minimum
पंक्ति ... . Column
पंच .... Arbitrator
पंच-न्यायालय ... . Court of Arbitration
पंच निर्णय ... . Award
पक्षकार .... Party
पक्षकार-समावेश .... Joinder of Parties
पक्ष-निवेदन .... Pleadings
पक्षपाती ... . Partial
पक्ष-समर्थन .... Plead
पट्टा .... Lease
पट्टा-दाता .... Lessor
पट्टेदार .... Lessee
पतन .... Turpitude
पति .... Husband
पत्र-व्यवहार .... Correspondence
पत्र-संग्रह .... File
पथ-प्रदर्शन .... Guidance
पद .... Designation, Clause, Office
पद के अनुसार .... Ex-officio
पदच्युत करना .... Dismiss
पदच्युति .... Dismissal

पदाधिकारी .... Officer
पदाभिलार्षा .... Candidate
पद्धति .... Method
परम्परा .... Tradition
पर-राष्ट्र .... Foreign State
परवर्ती .... Subsequent
परामर्श .... Advice
परामर्शदाता .... Assessor
परिचालन .... Conduct
परिणति .... Commutation
परिणाम .... Out-come
परिणाम-भूत .... Consequential
परिणाम-भूत-सहायता .... Consequential relief
परितोष .... Gratification
परिदर्शन .... Superintend, Perusal
परिपक्वता .... Maturity
परिभाषा .... Definition
परिमाण .... Quantity, Amount
परिवर्तन .... Variation
परिवर्तन करना .... Convert
परिवर्तन शील .... Variable
परिवार .... Family
परिशिष्ट .... Appendix (Schedule)
परिशोध .... Satisfaction
परिशोध करना .... Liquidate

परिशोधक .... Liquidator
परिश्रम .... Diligence
परिस्थिति .... Circumstance
परीक्षण (परीक्षा) .... Examination
परोपकारी .... Charitable
पर्य्यवेक्षण .... Scrutiny
पर्याप्त .... Adequate, Sufficient
पवित्र .... Sacred
पश्चात्-वर्ती .... Ulterior (Subsepuent)
पशु-अपहरण .... Cattle lifting
पशु-मैथुन .... Bestiality
पहचानना .... Identify
पहुँच .... Access
पांडुलिपि .... Manuscript
पागल .... Insane
पागलखाना .... Lunatic asylum
पागलपन .... Lunacy
पारश्रमिक .... Remuneration
पारस्परिक .... Mutual (Reciprocal)
पारस्परिक-विरोध-सम्बन्धी-वाद.... Inter-pleader suit
पारितोषिक .... Reward
पारिभाषिक .... Technical
पारिवारिक वंशावली .... Family pedigree
पार्श्विक सहारा (Eas. Act).... Lateral support
पालन .... Compliance
पालनीय .... Incumbent, Binding, Imperative, Obligatory

पावती .... Receipt
पितामह (मातामह) .... Grand-father
पितामही (मातामही) .... Grand-mother
पित्रेय पितामह (Md. Law) True Grand-father
पित्रेय मातामह (Md. Law) True Grand-mother
पीढ़ी .... Generation
पुत्री .... Daughter
पुनः ग्रहण करना .... Resume
पुनरवलोकन .... Revision
पुनर्जीवन .... Revival
पुनर्परीक्षण .... Re-examination
पुनः प्रेषण .... Remand
पुनर्विचार .... Review
पुनः स्थापन .... Restoration
पुनः स्थापित करना .... Reinstate, Restitution
पुष्टि करना .... Confirm, Uphold
पुस्तिका .... Pamphlet
पूजा .... Worship
पूँजी .... Capital
पूरा करना .... Fulfil
पूर्ण (अबाध) .... Absolute
पूर्ण-न्यायालय .... Full bench
पूर्ति .... Supply
पूर्व .... Previous
पूर्वज .... Ancestor, Ascendant, Predecessor
पूर्व-निर्णीत .... Res-Judicata

पूर्व-वर्ती .... Antecedent, Precedent
पैतृक प्रभाव .... Parental influence
पैतृक सम्पत्ति .... Haritage
पौत्र .... Grandson
पौत्री .... Grand daughter
प्रकट .... Apparent
प्रकरण .... Case
प्रकार ... . Description, Nature, Kind
प्रकाशक .... Publisher
प्रकाशन .... Publication
प्रकाशित करना .... Promulgate
प्रकाशनाधिकार .... Copy-right
प्रख्यात .... Eminent
प्रचलित .... Prevalent, In vogue, Current
प्रचार .... Propaganda
प्रजातंत्र .... Democracy
प्रणाली .... System
प्रतिकार .... Defence
प्रतिक्रिया .... Reaction
प्रतिज्ञा-पत्र .... Recognizance, Bond
प्रतिनिधि .... Representative, Proxy
प्रतिनिधि-पत्र (अभिभाषण-पत्र) Power of attorney
प्रतिनिधि-वर्ग .... Deputation
प्रतिपक्षी .... Opposite party
प्रतिपादन .... Assertion

प्रतिफल .... Consideration
प्रतिबन्ध .... Condition
प्रतिबन्धन .... Stipulation, Proviso
प्रतिबन्ध रहित .... Unconditional
प्रतिभू .... Surety
प्रतिभूत .... Secured
प्रतिभूति .... Guarantee, Bail
प्रतिभूति (तारण) .... Security
प्रतिभूति-अयोग्य .... Non-bailable
प्रतिभूति-योग्य .... Bailable
प्रतिमा .... Effigy
प्रतियोगिता .... Competition
प्रतियोगिता करना .... Compete
प्रतिरूप .... Model
प्रतिरोध .... Resistence
प्रतिलिपि .... Copy
प्रतिवाद करना Defend, Contradict
प्रतिवादी .... Defendant
प्रतिशत .... Per cent
प्रतिषेधाधिकार.... .... Veto
प्रतिष्ठा .... Prestige
प्रतिष्ठित ... . Respectable
प्रतिस्थापन .... Subrogation
प्रत्यक्ष .... Ostensible, Patent
प्रत्यक्ष-उत्तराधिकारी .... Heir apparent
प्रत्यक्षदर्शी साक्षी .... Eye-witness

प्रत्यक्ष रूप से	.... Directly
प्रत्यर्पण	.... Refund
प्रत्याशा	.... Anticipation
प्रत्याशित	.... Prospective
प्रत्याशित उत्तराधिकारी	.... Heir expectant
पृथक्	.... Separate
पृथक् पृथक्	.... Severally
पृथकत्व	.... Severance
प्रथम दृष्टि में	.... Prima-facie
प्रथम सूचना	.... First information
प्रदान करना	.... Grant
प्रधान	.... Primary
प्रधान न्यायालय	.... Chief court
प्रधान मंत्री	.... Premier
प्रधान साक्ष्य	.... Primary evidence
प्रधान स्थान	.... Head Quarter
प्रबन्ध	.... Management
प्रबन्धक	.... Manager
प्रबन्ध-शासन	.... Executive Government
प्रबन्ध-नियम	.... Regulations
प्रबल	.... Overwhelming
प्रभाव	.... Influence, Effect
प्रभावशील	.... Effectual
प्रभावहीन	.. Inoperative
प्रमाण	.... Proof
प्रमाण-पत्र	.... Certificate

प्रमाण-भार	....	.... Burden of proof
प्रमाणित	....	.... Certified, Incorporate
प्रमाणित जनसंघ		.... Body corporate
प्रमाणीकरण	....	.... Verification
प्रमुख स्थल (Eas. Act)		.... Dominant heritage
प्रमुख स्वामी (Eas. Act)		.... Dominant owner
प्रयत्न	....	.... Endeavour
प्रयास	....	.... Effort
प्रयोग	....	.... Operation, Experiment
प्रयोग में आना		.... Come into force
प्रयोग करना	....	.... Exercise
प्रयोगनीय	....	.... Enforceable
प्रयोगात्मक	....	.... Tentative
प्रयोजन	....	... Motive
प्रयोज्य	....	.... Applicable
प्रलोभन	....	.... Inducement, Enticement
प्रवंचना	....	.... Deceit, Circumvention
प्रवर्तन	....	.... Enforcement, Execution
प्रवृत्ति	....	.... Tendency
प्रवास	....	.... Migration
प्रवास करना	....	.... Emigrate
प्रवीणता	....	.... Proficiency
प्रवेश	....	.... Penetration, Entry, Enrolment
पृष्ठलेख	....	.... Endorsement
प्रश्न	....	.... Question, Interpellation

प्रसंग	.... Context
प्रसार करना	.... Disseminate
प्रसिद्धि-पत्र ...	.... Circular
प्रसूति	.... Confinement
प्रस्ताव	.... Motion, proposal, offer
प्रस्तावक	.... Proposer
प्रस्तावना	.... Preamble, Introduction
प्रस्ताव-पत्र (प्रस्तुति)	.... Tender
प्रस्तुत करना	.... Submit, Lodge, Adduce, Introduce
प्रस्तुत स्त्री-शुल्क (Md. Law)....	Prompt Dower
प्रस्तुति	.... Production
प्रहार	.... Assault
प्रहारकारी	.... Assailant
प्राक्कथन (प्रस्तावना)	.... Foreword
प्राकृतिक	.... Natural
प्रादेशिक	.... Territorial
प्राप्त करना	.... Derive, Procure
प्राप्ति	.... Acquisition
प्राप्य	.... Due, Obtainable
प्रारम्भ	.... Commencement
प्रारम्भिक	.... Elementary, Preliminary
प्रारम्भिक वर्ग	.... Original side
प्रार्थना	.... Request
प्रार्थना करना	.... Pray
✓प्रार्थना-पत्र	.... Petition

प्रार्थी	.... Petitioner
प्रेरक भाव	.... Animus
प्रेरणा	.... Instance, Initiative
प्रेरित करना	.... Induce
प्रेषक ...	.... Consignor
प्रेषण	.... Challan
प्रोत्साहक	.... Abettor
प्रोत्साहन	.... Abetment
फाँसी देना	.... Hang
फाटका	.... Speculation
फुसलाना	.... Persuade.
बटमारी	.... High way-robbery
बट्टे-खाते की रकम	.... Bad debt
बट्टेखाते डालना	.... Write off
बट्टे से	.... Below par
बढ़ जाना	.... Exceed
बढ़ाना	.... Enlarge
बद्ध करना	.... Engage
बद्धहस्त	.... Hand-cuffed
बन्दी	.... Prisoner
बन्दीकरण	.... Apprehension
बन्दी करना	.... Arrest, Capture
बन्धक	... Mortgage
बन्धक-ऋण	.. Mortgage debt
बन्धक-कर्ता	.... Mortgagor
बन्धक-ग्रहीता	.... Mortgagee

बन्धक-पत्र	.... Mortgage-deed
बन्धक-मोचन-वाद	... Suit for redemption
बन्धक-मोचन-निषेध-वाद	.... Suit for foreclosure
बन्धक-मोचनाधिकार	.... Equity of redemption
बन्धक संयोजन (T.P.A.)	.... Tacking
बयाना	.... Earnest money
बलपूर्वक ग्रहण	.... Extortion
बलपूर्वक लूटमार	.... Robbery
बलात्कार	.... Rape
बलात्कार करना	.... Ravish
बलिदान (त्याग)	.... Sacrifice
बहुमत	.... Majority
बहु-विवाह	.... Poligamy
बाँट	.... Weight
बाँटना	.... Disburse
बाँध	.... Embankment
बाजार-भाव	... Market value
बाजी लगाना	.... Wager
बाढ़	.... Inundation
बाधा	.... Obstruction
बानगी	.... Sample
बान्धव	.... Cognates, Distant kindred
बाल	.... Child
बाहुल्य	.... Multiplicity
बीजक	.... Invoice
बीमा	.... Insurance

बेचान करना	.... Endorse
बेरोक	.... Un-interrupted
बैठक	.... Sitting
बोधक प्रश्न	.... Leading question
भंग	.... Breach
भगा लेजाना	.... Abduction
भड़काना	.... Incite
भत्ता	.... Travelling allowance
भय-प्रदर्शन	.... Intimidation
भयानक	.... Ferocious
भरपाई	.... Re-imbursement
भरण-पोषण	.... Maintenance
भरण-पोषण-वाद	.... Maintenance-suit
भरोसा	.... Satisfaction, Belief
भर्त्सना देना	.... Reprimand
भवन	.... Premises
भविष्य	.... Future
भाग जाना	.... Abscond
भाग-दान	.... Contribution
भाग निकलना....	.... Escape
भाग लेना	.... Participate
भागी	.... Liable
भाड़ा	.... Hire
भार	.... Onus, Burden, Charge
भार-धारक	.... Charge-holder
भार-मुक्ति	.... Discharge

भार-युक्त .... Onerous
भार-वाहक .... Transport
भार हटाना .... Exonerate
भाव .... Sense
भावना .... Feeling
भावावेश .... Emotion
भावी उत्तराधिकारी .... Reversioner
भावुक .... Sentimental
भाषण .... Speech
भाषण-प्रतिरोध .... Estoppel
भाषा .... Language
भाष्य .... Commentary
भिन्न-गोत्र सपिण्ड .... Cognates
भिन्न-विषयक-वाद .... Multifarious suit
भुलावा देना .... Mislead
भूनिहित-धन .... Treasure trove
भूमि .... Land
भूमिबन्धक बैंक .... Land Mortgage Bank
भूल .... Mistake, Error
भू सम्पत्ति .... Estate
भू-स्वामी .... Land-lord
भेंट .... Gift
भेद करना .... Discriminate
भेदिया .... Informer
भेद्य .... Vulnerable
भोग-बन्धक .... Usufructuary mortgage

भ्रान्त धारणा	....	.... Misunderstanding
भ्रान्त मति	....	.... Delirious
भ्रान्त वर्णन	....	.... Misrepresentation
भ्रान्ति	....	.... Fallacy
भ्रूण	....	.... Foetus
मंत्रीमंडल	....	.... Cabinet
मंत्री	....	.... Secretary
मजदूरी	....	.... Wage
मत	....	.... Opinion, Vote
मतदाता	....	.... Voter
मत-प्रदर्शन	....	.... Dictum
मताधिकार	....	.... Suffrage, Franchise,
मताधिकार देना		.... Enfranchise
मताधिकार रहित करना		.... Disfranchise
मतैक्य	....	.... Concurrence
मध्यवर्ती	....	.... Intermediate
मध्यवर्ती आज्ञा		.... Interim order
मध्यस्थ	....	.... Mediator
मध्यान्तर	....	.... Interval
मना करना	....	.... Refuse
मनोरंजन-कर	....	.... Entertainment tax
मस्तिष्क	....	.... Mind
महत्व	....	.... Importance
महत्वपूर्ण	....	.... Material
महत्वहीन	....	.... Immaterial
महाजन	....	.... Banker

महिला	Woman
माँग	Requisition, Demand
मातृका	Nurse
मादकता	Intoxication
मानचित्र	Plan
मानसिक	Mental
मानहानि	Defamation
माप	Standard
मामला	Case
मार्ग	Course
माल	Goods
मालग्राही	Consignee
मालमत्ता	Effects, Assets
मात्रिय पितामह (Md. Law).	False grandfather
मात्रिय मातामही (Md. Law).	False grandmother
मिटाना	Efface
मितव्ययता	Economy
मिती-काटा	Discount
मित्र	Ally
मित्रता	Alliance
मिथ्या	False
मिथ्याकरण	Falsification
मिथ्याधारणा	Misconception
मिथ्यालेख	False entry
मिथ्या साक्ष्य	Perjury, False evidence
मिलावट	Adulteration

मुक्त	.... Exempt
मुक्त करना	.... Liberate, Absolve, Acquit
मुक्ति	.... Emancipation, Acquittal
मुखिया	.... Ring-leader
मुख्य	.... Main
मुख्य-परीक्षण	.... Examination-in-chief
मुद्रा	.... Seal, Coin
मूढ़	.... Idiot
मूर्ति	.... Idol
मूल	.... Original
मूल-ऋणी	.... Principal debtor
मूलधन	.... Principal
मूल्य	.... Price, Value
मूल्य-निर्धारक	.... Valuer
मूल्य-निर्धारण	.... Valuation
मूल्यवान	.... Valuable
मूल्यांकन	.... Valuation
मूल्यानुसार	.... Ad-valorem
मृत	.... Deceased
मृत्यु	.... Death
मृत्यु-दण्ड	.... Capital punishment, Death sentence
मैथुन	.... Sexual intercourse
मोचन	.... Redemption
मोचन-योग्य	.... Redeemable
मौखिक	.... Oral

मौखिक प्रतिज्ञा .... Parol
मौन .... Silence
मौन सम्मति .... Acquiescence
मौलिक .... Substantive, Fundamental
यथाक्रम .... Respectively
यथार्थ .... Exact
यथाविधि .... Duly
यथोचित .... Reasonable
यदाकदा .... O_casional
यांत्रिक विधि .... Mechanical process
यातायात-कर .... Tarrif
युक्ति .... Device, Argument
युक्ति संगत .... Rat:onal
युद्ध छेड़ना .... Wage-war
योग्य .... Qualified
योग्यता .... Qualification
योजना .... Scheme
रक्षित कोष .... Reserved Fund
रखेल .... Concubine
राज-क्षमा-घोषणा .... Amnesty
राज-दण्ड .... Sceptre
राजदूत .... Ambassador
राजदूतावास .... Embassy
राजद्रोह .... Sedition, Treason
राजनियम .... Law
राजनियम-विज्ञान .... Jurisprudence

राजनिष्ठा .... Allegiance
राजनीतिज्ञ .... Statesman
राजनैतिक .... Political
राज-पुस्तकांकन .... Registration
राज-पुस्तकांकन-अधिकारी .... Registrar
राज-पुस्तकांकन-योग्य .... Registrable
राज-पुस्तकांकित .... Registered
राजबन्दी .... State prisoner
राजभक्त .... Loyal
राजसाक्षी .... Approver
राजसात्करण .... Forfeiture
राजसात् करना.... .... Confiscate, Forfeit
राजस्व .... Revenue
राजस्व निर्धारण .... Assessment
राजस्व-न्यायालय .... Revenue Court
राजहार .... Privy Purse
राजाज्ञा .... Edict
राज्य .... State
राज्य-मण्डल .... Confederacy
राज्य-व्यवस्था.... .... Constitution
राज्याभिषेक .... Investiture
राष्ट्र .... Nation
राष्ट्रसंघ .... League of Nations
राष्ट्रीय .... National
रिक्त .... Vacant
रिक्त-स्थान .... Vacancy

रीति .... Manner
रुकावट .... Obstacle
रूढ़ि-प्रतिपादित घटना .... Factum valet
रूप .... Form
रेखाचित्र .... Chart
रोक .... Restraint, Prevention, Clog, Ban
रोक रखना .... Detain
रोधात्मक .... Preventive
रोधात्मक सहायता .... Preventive relief
लक्षण .... Symptoms
लगान .... Rent
लगाना .... Levy
लगातार .... Consecutive
लड़ाई झगड़ा .... Quarrel
लागत .... Cost
लाभ .... Benefit, Gain Profit
लाभदायक .... Beneficial
लाभांश .... Dividend
लिखतम .... Document, Deed
लिखित .... Documentary
लिखित प्रश्न .... Interrogatories
लिखित वक्तव्य .... Written Statement
लिपि .... Script
लुटेरा .... Robber
लेखक .... Scribe

लेख .... Inscription
लेखपत्र .... Deed
लेख-प्रमाणाधिकारी .... Notary public
लेखा .... Entry
लेखा-सम्बन्धी-वाद .... Suit for accounts
लेख्य-संग्रह .... Record
लेन-देन (व्यवहार) .... Dealings
ले भागना .... Kidnap
लोकप्रिय .... Popular
लोपन .... Foreclosure
लौकिक सुखाधिकार (Eas Act) Customary easement
लौटाना .... Remand
वंचित करना .... Debar, Deprive
वंश .... Race, Descent
वंशज .... Descendant
वंशानुगत .... Hereditary
वंशानुगत सम्पत्ति .... Hereditament
वंशावली .... Pedigree
वक्तृता .... Oration
वचन .... Promise
वचन-ग्रहीता .... Promisee
वचनदाता .... Promisor
वध .... Slaughter
वधिक .... Executioner
वयस्क .... Major, Adult
वयस्काल .... Puberty

वरिष्ट	.... Superior
वर्ग	.... Class
वर्गीकरण	.... Classification
वर्जन	.... Exclusion
वर्जित	.... Forbidden, Contraband
वर्णन	.... Description
वर्तमान	.... Present
वर्ष	.... Year
वस्तु	.... Article
वस्तु-निर्माण	.... Manufacture
वस्तु-विनिमय	.... Barter
वहिष्कृत करना	.... Ex-communicate
वाद	.... Suit
वाद-पत्र	.... Plaint
वाद-प्रतिनिधि	.... Next friend
वाद-प्रस्तुत करना	.... Sue
वाद-हेतु	.... Issue, Cause of action
वाद-हेतु-घटना	.... Fact in issue
वादार्थ संरक्षक....	.... Guardian ad litem
वादी	.... Plaintiff
वाधा	.... Impediment
वार्षिक	.... Annual
वार्षिक वृत्ति	.... Annuity
वास्तव में	.... Defacto
वास्तविक	.... Substantial, Actual, Real
वाहक	.... Carrier

विरोधी .... Opponent
विरोधी पक्षकार .... Adverse party
विलक्षण .... Peculiar
विलम्ब .... Delay
विलम्ब-शुल्क .... Demurrage
विवरण .... Particulars, Addition (Reg. Act.)
विवरण-पत्र .... Returns
विवश करना .... Compel
विवाद .... Controversy
विवाद करना .... Argue
विवाह .... Marriage
विवाह विच्छेद .... Divorce
विविध .... Miscellaneous Multifarious
विवेक .... Discretion
विवेक युक्त .... Conscientious
विवेकाधीन .... Discretionary
विशेष .... Particular
विशेषज्ञ .... Expert
विशेषाधिकार .... Prerogative, Lien
विश्लेषण .... Analysis
विश्वसनीय .... Reliable
विश्वास .... Confidence
विश्वासघात .... Breach of trust
विषय .... Matter, Point
विषय निर्धारिणी समिति .... Subject committee

विषय वस्तु	....	.... Subject matter
विसृष्टि-लेख	....	.... Charter
विस्तार	....	.... Scope, Extent
विस्फोटक	....	.... Explosive
वृत्ति	....	.... Stipend
वृद्धि	....	.... Increment, Increase, Accession
वेग	....	.... Force
वेतन	....	.... Salary
वेश्या	....	.... Prostitute
वैकल्पिक	....	.... Alternative
वैभागिक आज्ञा		.... Departmental order
वैध	....	.... Valid, Lawful, Legal
वैधता	....	.... Validity
वैध प्रतिनिधि	....	.... Legal representative
वैध रक्षक	....	.... Legal curator
